6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण amarujala.com बरेली | बृहस्पतिवार, 14 मार्च, 2024

अमर उजाला

PAGE NO : 02 MIDDLE

■ **प्रतियोगिता** : एसआरएमएस टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर स्थित स्टेडियम में सुबह 9 बजे से।

PAGE NO : 05 TOP

आईके कलेक्शन और एसआरएमएस किंग्स का क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ी को सम्मानित करते अतिथि। स्रोत: संस्था

बरेली। श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को चार टीमों के बीच मुकाबला हुआ। आईके कलेक्शन और एसआरएमएस किंग्स ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पहले मुकाबले में मोहम्मद जीशान और दूसरे मैच में आदर्श शर्मा मैन ऑफ द मैच रहे।

पहला मैच आईके कलेक्शन और स्क्रीमिंग ईगल्स के बीच हुआ। आईके कलेक्शन की टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 298 रन बनाए। चुनौती देने उतरी स्क्रीमिंग ईगल्स की टीम 14 ओवरों में 95 रन पर ही सिमट गई। 22 चौके और एक छक्के की मदद से 111 रन बनाने वाले मोहम्मद जीशान मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मुकाबले में एसआरएमएस किंग्स ने 6 विकेट के नुकसान के साथ 168 रन बनाए। वहीं केपीएस टीम 19 ओवर में 10 विकेट के नुकसान के साथ 92 रन पर ही सिमट गई। 85 रन बनाकर आदर्श शर्मा मैन ऑफ द मैच बने। बृहस्पतिवार को पहला मुकाबला एसआरएमएस बनाम साई क्रिकेट टीम में और दूसरा मुकाबला एसआरएमएस किंग्स बनाम अफरीदी क्लब के बीच होगा। संवाद